# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (09.05.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:09.05.2025, PAGE-06

# कार्यशाला में प्रतिभागियों को मिली ट्रेनिंग

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में आयोजित तीन दिवसीय वर्कशाप के दूसरे दिन गुरुवार को विभिन्न विश्वविद्यालय व महाविद्यालय से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन सभी प्रतिभागियों को चार ग्रुप में विभाजित कर विभाग की विभिन्न प्रयोगशालाओं में इनको हैंड्स-ऑन-ट्रेनिंग दिया गया। प्रतिभागियों ने विभाग के विभिन्न शिक्षकों के निर्देशन में टीएलसी, सीसी, यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, पीएच मीटर, कंडक्टिविटी मीटर, कलरीमीटर, वेइंग बैलेंस एवं माइक्रो पीपेट आधारित टेक्निक्स एवं इंस्ट्रूमेंट पर स्वयं प्रैक्टिकल किया। टीएलसी एवं सीसी की ट्रेनिंग प्रो. नवेदउल हक ने दी। पीएच मीटर, कंडक्टिविटी मीटर एवं वेइंग बैलेंस के प्रयोग को प्रो. राम कुमार ने विस्तार से बताया।



बीआरएबीयू के रसायन विज्ञान विभाग में आयोजित वर्कशॉप में शामिल प्रतिभागी।

डॉ. अभय नंदा श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रियरंजन कुमार ने यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर एवं माइक्रो पीपेट पर प्रतिभागियों को महारथ हासिल करवाया। कलरीमीटर से प्रतिभागियों को जयनाथ कुमार ने अवगत कराया। विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार ने आज के टेक्निकल सेशन की अध्यक्षता की और कहा कि विश्वविद्यालय का रसायन विज्ञान विभाग पूरे बिहार में इकलौता विभाग बन गया है, जहां पूरे बिहार से आए स्नातक, परास्नातक एवं शोध छात्रों को इस तरह विभिन्न इंस्ट्रूमेंट्स पर प्रैक्टिकल वर्कशॉप करवाया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:09.05.2025, PAGE-06

## बीआरएबीयू में बनेगा एक और परीक्षा हॉल

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में छात्रों की परीक्षा के लिए एक और परीक्षा हॉल बनाया जायेगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुधा लाल पासवान ने इसका प्रस्ताव कुलपति को दिया है। बीआरएबीयू में अभी दो परीक्षा हॉल हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि छात्रों की संख्या अधिक होने से एक और परीक्षा हॉल की जरूरत है, इसलिए यह प्रस्ताव दिया गया है। बीआरएबीयू में इस वर्ष पीजी में 11 हजार छात्रों का दाखिला हुआ है। बीआरएबीयू में एक परीक्षा हॉल पुराना है तो दूसरा कुछ साल पहले ही बना है। पीजी की सारी परीक्षाएं परीक्षा हॉल में ही होती हैं। अन्य प्रवेश परीक्षाएं भी परीक्षा हॉल में कराई जाती हैं। एलएलएम की प्रवेश परीक्षा भी परीक्षा हॉल में ही होनी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:09.05.2025, PAGE-04**

# स्नातक में नामांकन के लिए आए हजारों आवेदन

**इतिहास, हिंदी समेत अन्य विषयों में सबसे अधिक आवेदन कर रहे विद्यार्थी, पहले चरण में 15 मई तक होना है आवेदन**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स में नामांकन के लिए छात्र-छात्राएं तेजी से आवेदन कर रहे हैं। अब तक दो दर्जन से अधिक विषयों में नामांकन के लिए 79 हजार 588 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। सबसे अधिक आवेदन इतिहास, हिंदी, जूलाजी समेत अन्य विषयों में आ रहे हैं। करीब 140 कालेजों से अधिक कालेजों में नामांकन के लिए विद्यार्थी आवेदन कर रहे हैं। आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पिछले महीने से चल रही है। पहले चरण में 15 मई तक आनलाइन आवेदन होना है। इसके बाद फिर से तिथि विस्तारित किए जाने पर विचार किया जा सकता है। दूसरी ओर सीबीएसई और बिहार बोर्ड कंपार्टमेंटल परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद एक बार फिर कुछ दिनों के लिए पोर्टल खोला जाएगा। आवेदन के बाद जून में मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विश्वविद्यालय की कोशिश है कि जुलाई से नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों की कक्षाएं शुरू कर दी जाएं।

**पैट 2023 के लिए फिर से खोला जाएगा पोर्टल :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पैट (पीएचडी एडमिशन टेस्ट) 2023 के आयोजन को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। लंबे समय बाद एक बार फिर से पोर्टल खोलने जाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। प्रशासनिक सहमति के बाद आवेदन के लिए पोर्टल खोला जाएगा। विभिन्न कारणों से आवेदन से वंचित छात्र लगातार पोर्टल खोलने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए पिछले दिनों परीक्षा विभाग से लेकर अधिकारियों को आवेदन दिया गया है। पिछले वर्ष ही पैट 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके बाद से पोर्टल बंद है। पिछले दिनों विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया था कि विश्वविद्यालय में दो सत्र के पैट का आयोजन एक साथ कराए जाने पर भी विचार चल रहा है। विश्वविद्यालय स्तर से नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की जानी है।

**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 09.05.2025, PAGE-04


# प्रयोगशालाओं में 150 प्रतिभागियों को दी गई हैंड्स आन ट्रेनिंग



पीजी रसायनशास्त्र विभाग की लैब में प्रयोग करतीं छात्रा • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी रसायनशास्त्र विभाग में चल रहे तीन दिवसीय वर्कशाप के दूसरे दिन गुरुवार को विश्वविद्यालय से लेकर महाविद्यालय के 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को चार ग्रुप में विभाजित कर विभिन्न प्रयोगशालाओं में हैंड्स आन ट्रेनिंग दिया गया। प्रतिभागियों ने विभाग के विभिन्न शिक्षकों के निर्देशन में टीएलसी, सीसी, यूवी विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, पीएच. मीटर, कंडक्टिविटी मीटर, कलरीमीटर, वेइंग बैलेंस एवं माइक्रो पीपेट आधारित टेक्निक्स एवं इंस्ट्रूमेंट पर स्वयं प्रैक्टिकल किया। टीएलसी एवं सीसी. की ट्रेनिंग प्रोफेसर नवेदडल हक ने दी। पीएच मीटर, कंडक्टिविटी मीटर, एवं वेइंग बैलेंस के प्रयोग को प्रोफेसर राम कुमार ने विस्तार से बताया।

डा. अभय नंद श्रीवास्तव व डा. प्रियरंजन कुमार ने यूवी विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर एवं माइक्रो पीपेट पर प्रतिभागियों को बेसिक और एडवांस जानकारी दी। कलरीमीटर के बारे में प्रतिभागियों को जयनाथ कुमार ने अवगत कराया। विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार ने टेक्निकल सेशन के अध्यक्षता की। कृति मिलन, राजीव रंजन, धनंजय, भावना, गुलशन, अभय, गौरव, कुंदन, रविराज, पूनम, मोनाली, अनीता, सुधा, तान्या, श्रुति, समर, सुजल, एहतेशाम, डा. नीतू कुमारी, डा. कल्पना, अरुणा सिंह, मो आलम, हरिशंकर ओझा, विकास आदि इस वर्कशाप के दौरान उपस्थित रहे।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 09.05.2025, PAGE-04

## स्नातक में दाखिले के लिए 80 हजार आवेदन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में स्नातक में सत्र 2025-29 में दाखिला लेने के लिए अबतक 80 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया है. 15 अप्रैल से 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है. बिहार बोर्ड की ओर से जारी परिणाम के आधार पर इन विद्यार्थियों ने आवेदन दिया है. सीबीएसई और आइसीएसई की ओर से अभी 12वीं का परिणाम जारी नहीं किया गया है. ऐसे में परिणाम जारी करने में विलंब होने पर ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित करनी पड़ सकती है. बता दें कि विवि में पिछले वर्ष 1.70 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया था.

## एलएलएम प्रवेश परीक्षा : एडमिट कार्ड जारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से 11 मई को होने वाले एलएलएम की प्रवेश परीक्षा को लेकर एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है. अभ्यर्थी पोर्टल पर लॉगइन कर एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं. विवि के परीक्षा भवन को प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है. विवि की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रवेश परीक्षा दो घंटे की होगी. सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक इसके लिए समय तय किया गया है. बता दें कि एलएलएम कोर्स में कुल 40 सीटें हैं. इसपर दाखिले के लिए 129 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है.

PRABHAT KHABAR,
MUZAFFARPUR
DATE:09.05.2025, PAGE-04

## पैट 23 के लिए फिर खुलेगा पोर्टल

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से पीएचडी एडमिशन टेस्ट-2023 के लिए फिर से पोर्टल खोला जाएगा. पोर्टल खोलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है. अगले सप्ताह दो या तीन दिनों तक पोर्टल खुलेगा. जो अभ्यर्थी आवेदन से वंचित हो गए हों. वे इस अवधि में आवेदन कर सकेंगे. इसके बाद टेस्ट के आयोजन की रणनीति तैयार की जाएगी. जून के अंतिम सप्ताह तक पैट 23 के होने की उम्मीद है. पैट 23 के लिए पिछले वर्ष से ही आवेदन की प्रक्रिया चल रही है.